प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का संबोधन

नई दिल्ली, 5 नवंबर, 2024.

बुद्ध को यहां अर्पित किए गए पुष्प सभी दिशाओं में हमारी सद्भावना की खुशबू बिखरें। हमने जो दीप यहां जलाए हैं, वे ज्ञान का उजियारा फैलाएं।

आज यहां आकर मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है, क्योंकि मैं अपने सामने आधुनिक संघ के विभिन्न वर्गों को देख रही हूं। आप में से कई लोग दूर-दूर से यहां आए हैं; आप अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। आपने अलग-अलग रंग के वस्त्र धारण कर रखे हैं। लेकिन आप सभी बुद्ध द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए धम्म के लिए अपने प्रयासों में एकजुट हैं। भारत और इस शिखर सम्मेलन में आप सभी का स्वागत करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

इस दो दिवसीय सम्मेलन के आयोजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ या संक्षेप में आईबीसी की सराहना की जानी चाहिए। इस शिखर सम्मेलन के लिए चयनित थीम, 'एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धम्म की भूमिका', जितनी उपयुक्त है, उतनी ही समयानुकूल भी है। इन दो दिनों में, आप - भिक्षु, विद्वान और साधक - बौद्ध धम्म और समकालीन समाज में इसकी भूमिका के बारे में संवाद और चर्चा में शामिल होंगे।

भारत धर्म की पवित्र धरती है। हर युग में यहां महान गुरु और रहस्यवादी, द्रष्टा और साधक हुए हैं, जिन्होंने मानवता को अपने भीतर की शांति और बाहर सद्भाव खोजने का मार्ग दिखाया है। इन पथप्रदर्शकों में बुद्ध का अद्वितीय स्थान है। बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम का ज्ञान प्राप्त करना इतिहास की एक अनुपम घटना है। उन्होंने न केवल मानव मन की कार्यप्रणाली के बारे में अतुलनीय समृद्ध अंतर्दृष्टि प्राप्त की, बल्कि उन्होंने इसे "बहुजन सुखाय बहुजन हिताय च" - जन कल्याण के लिए - की भावना से सभी लोगों के साथ साझा करने का भी चयन किया।

अपने ज्ञानोदय के बाद पैंतालीस वर्षों तक वे जगह-जगह जाकर धर्म का प्रचार करते रहे। उन्होंने अपना संदेश विभिन्न श्रोताओं - राजाओं और कारीगरों, पुरुषों और महिलाओं, भिक्षुओं और जन साधारण तक पहुंचाया । आध्यात्मिक रूप से जागृत लोगों को उन्होंने मानवीय अनुभव को आकार देने वाले कारणों और स्थितियों के बारे में समझाया; आम लोगों को उन्होंने नैतिक जीवन जीना सिखाया।

बौद्ध धर्म क्या है? बौद्ध धर्म अपनाने के बाद हिंसा का परित्याग कर देने वाले महान सम्राट अशोक ने एक स्तंभ पर इसकी यह परिभाषा खुदवाई थी: [उद्धरण] "धम्म अच्छा है। और धम्म क्या है? इसमें कम दोष और अनेक अच्छे कर्म, दया, दान, सत्य और पवित्रता शामिल है।" [उद्धरण समाप्त]

सदियों से यह स्वाभाविक ही रहा कि अलग-अलग साधकों ने बुद्ध के प्रवचनों से अलग-अलग अर्थ ग्रहण किए और इस तरह अनेक संप्रदाय उभरे। व्यापक वर्गीकरण में, आज हमारे पास थेरवाद, महायान और वज्रयान परंपराएं हैं, जिनमें से प्रत्येक में कई संप्रदाय और मत हैं।

इसके अलावा, बौद्ध धर्म का ऐसा उत्कर्ष इतिहास के विभिन्न कालखंडों में अनेक दिशाओं में हुआ। एक लहर में, यह श्रीलंका, म्यांमार, कंबोडिया, इंडोनेशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य स्थानों तक पहुंचा। दूसरी लहर ज्ञान के शब्दों को तिब्बत और नेपाल तक, और फिर चीन, मंगोलिया, जापान, कोरिया, वियतनाम और अन्य जगहों तक ले गई।

हालांकि तथागत के संदेश की उनकी व्याख्याएं बहुत अलग-अलग हैं, लेकिन यह ध्यान देने वाली बात है कि उनके बीच कोई विरोधाभास नहीं है। वाराणसी के निकट सारनाथ में बुद्ध का पहला प्रवचन मूलभूत बना हुआ है तथा इसमें आगे और अधिक परिष्कृत समझ की परतें जुड़ती जाती हैं।

विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में धम्म के इस प्रसार ने एक समुदाय, एक विशाल संघ निर्मित किया । एक तरह से, बुद्ध के ज्ञान की भूमि भारत इसके केंद्र में है। लेकिन, ईश्वर के बारे में जो कहा जाता है, वही इस विशाल बौद्ध संघ के बारे में भी सत्य है: इसका केंद्र हर जगह है और सीमा कहीं नहीं है। यह और भी अधिक सत्य है, क्योंकि "दक्षिणी बौद्ध धर्म" और "उत्तरी बौद्ध धर्म" के अलावा, यह पिछली दो शताब्दियों में एकमात्र शेष दिशा में भी फैल रहा है और इसे "पश्चिमी बौद्ध धर्म" के रूप में जाना जाने लगा है।

प्रिय मित्रों,

आज जब दुनिया कई मोर्चों पर अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है, उसके सामने केवल संघर्ष ही नहीं, बल्कि जलवायु संकट भी है, तो ऐसे में इस विशाल बौद्ध समुदाय के पास मानवता को देने के लिए बहुत कुछ है। बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदाय दुनिया को दर्शाते हैं कि संकीर्ण संप्रदायवाद का मुकाबला कैसे किया जाए। उनका मुख्य संदेश शांति और अहिंसा पर केंद्रित है। यदि कोई एक शब्द बौद्ध धम्म को व्यक्त कर सकता है, तो वह है 'करुणा' या दया, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है।

जैसा कि शिखर सम्मेलन की थीम ने इसे बखूबी व्यक्त किया है, हमें एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा करने की आवश्यकता है। वास्तव में, हमें इस बारे में विस्तार से चर्चा करनी होगी कि बौद्ध धर्म एशिया और दुनिया में शांति, वास्तविक शांति कैसे ला सकता है - ऐसी शांति, जो न केवल शारीरिक हिंसा से बल्कि सभी प्रकार के लालच और घृणा से भी मुक्त हो - बुद्ध के अनुसार, ये दो मानसिक शक्तियां हमारे समस्त दुखों का मूल कारण हैं।

भारत इस प्रयास में आपके साथ भागीदारी करने के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा, ठीक वैसे ही जैसे आपने भी इसमें योगदान दिया है। यहां मैं बुद्ध की शिक्षाओं के संरक्षण पर विचार कर रही हूं, और यह हम सभी के लिए एक महान सामूहिक प्रयास रहा है। उनके महापरिनिर्वाण के बाद उनके अनमोल

शब्द खो गए होते, लेकिन राजगीर में आयोजित भिक्षुओं के एक सम्मेलन ने उनके संदेश को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा। अंततः, उनके अनुयायियों ने उनके प्रवचनों को त्रिपिटक में संग्रह किया। इसे पहले मौखिक रूप में लिखा गया, पीढ़ी दर पीढ़ी प्रसारित किया गया, और यह भी संभवत: खो गया होता। श्रीलंका के भिक्षुओं ने इसे ताड़ के पत्तों पर लिखकर रखा। बाद में, जब नालंदा का महान पुस्तकालय नष्ट हो गया, तो तिब्बती और चीनी अनुवादों से कई ग्रंथ प्राप्त किए जा सके। यही बात, बौद्ध साहित्य को हमारे लिए वास्तव में साझा विरासत बनाती है।

आपको यह जानकर खुशी होगी कि हमने इस सदी में भी ऐसे प्रयास जारी रखे हैं। पिछले महीने ही भारत सरकार ने अन्य भाषाओं के साथ-साथ पाली और प्राकृत को भी 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया है। संस्कृत को पहले ही उस श्रेणी में शामिल किया जा चुका है, लेकिन अब पाली और प्राकृत को वित्तीय सहायता मिलेगी जो निश्चित रूप से उनके साहित्यिक खजाने के संरक्षण और उनके पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन बुद्ध की शिक्षाओं की हमारी साझा विरासत के आधार पर हमारे सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में लंबा रास्ता तय करेगा। मुझे यकीन है कि अगले दो दिनों में आपके बीच उपयोगी बातचीत होगी। मैं आप में से विदेश से यहां पधारे महानुभावों को राष्ट्रीय संग्रहालय और बौद्ध सर्किट में समृद्ध बौद्ध विरासत को देखने का निमंत्रण देकर बात अपनी समाप्त करना चाहती हूं।

धम्म सभी के लिए खुशी और आनंद लाए! धन्यवाद, जय हिंद! जय भारत!